सांस्कृतिक एवं प्रबंधन महोत्सव 'उद्भव' में उपस्थित डीजीपी विनय कुमार, सीआइएमपी के निदेशक प्रो . राणा सिंह व अन्य • सौः संस्थान

समाज के प्रति उत्तरदायी भूमिका निभाएं विद्यार्थी

चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान पटना (सीआइएमपी) में दो दिवसीय सांस्कृतिक एवं प्रबंधन महोत्सव 'उद्‌भव' का हुआ समापन

जागरण संवाददाता, पटनाः चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान पटना (सीआइएमपी) में दो दिवसीय सांस्कृतिक एवं प्रबंधन महोत्सव उद्भव सोमवार को संपन्न हुआ। उद्घाटन टाटवा टेक्नोलाजीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एके मोहंती ने किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डीजीपी विनय कुमार के साथ सीआइएमपी के निदेशक प्रो. राणा सिंह मौजूद रहे। डीजीपी विनय कुमार ने ईमानदारी, नेतृत्व और राष्ट्र-निर्माण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को समाज के प्रति उत्तरदायी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

पहले दिन सीआइएमपी आडिटोरियम में टैलेंट हंट, फोटोग्राफी, नुक्कड़ नाटक, एकल एवं समूह नृत्य, बी-प्रश्नोत्तरी (प्रारंभिक एवं अंतिम चरण) तथा कवि सम्मेलन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। बिजनेस क्विज और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में सृजनात्मकता और सामाजिक जागरूकता की झलक देखने को मिली। दूसरे दिन 'बेस्ट फ्राम वेस्ट', गायन प्रतियोगिता, वाद-विवाद, बी-प्लान प्रतियोगिता, एथनिक फैशनिस्ता, वार आफ बैंड्स तथा समापन समारोह का आयोजन किया गया। बी-प्लान प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अभिनव व्यावसायिक विचार प्रस्तुत किए, जबकि वाद-विवाद प्रतियोगिता में विश्लेषणात्मक सोच और प्रभावी अभिव्यक्ति कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला।

Dainik Jagaran ! Page.No-24 ! Dated:03-03-2026

सांस्कृतिक महोत्सव में दिखी नवाचार की झलक

सीआईएमपी

पटना। चन्द्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना में दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक एवं प्रबंधन महोत्सव 'उद्भव 2026' का समापन हुआ। महोत्सव में देशभर के प्रतिष्ठित संस्थानों ने भाग लेकर नवाचार, नेतृत्व और सृजनात्मकता का उत्सव मनाया।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि टाटवा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एके मोहंती ने कहा कि नवाचार, तकनीकी अनुकूलनशीलता और उद्यमशील नेतृत्व भविष्य के प्रबंधन पेशेवरों के लिए प्रमुख प्रेरक तत्व हैं। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डीजीपी विनय कुमार ने ईमानदारी और राष्ट्र-निर्माण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में निदेशक डॉ. राणा सिंह, सीएओ कुमोद कुमार, सहायक अधिष्ठाता प्रो. राजश्री पिल्लई और उद्भव की अध्यक्षा प्रो. रंजीत तिवारी मौजूद रहे।

सीआईएमपी में आयोजित कार्यक्रम में डीजीपी विनय कुमार, निदेशक डॉ. राणा सिंह व अन्य।

Hindustan ! Page.No-08 ! Dated:03-03-2026

छात्राओं ने नृत्य से किया मंत्रमुग्ध

पटना (आससे)। चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, पटना में विद्यार्थियों द्वारा आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक एवं प्रबंधन महोत्सव 'उद्भव 2026' उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। देशभर के विभिन्न प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों से आए प्रतिभागियों ने विविध

प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महोत्सव का उद्घाटन टाटवा टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ए. के. मोहंती ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने नवाचार, तकनीकी अनुकूलनशीलता और प्रभावी नेतृत्व को भविष्य के प्रबंधन पेशेवरों के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, व्यावसायिक योजना प्रस्तुति, गायन, नृत्य, नाटक तथा फैशन प्रदर्शन जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। प्रतिभागियों ने रचनात्मकता और विश्लेषणात्मक क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। समापन समारोह में बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को ईमानदारी, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। 'उद्भव 2026' ने संस्थान की समग्र शिक्षा और सांस्कृतिक ऊर्जा के सशक्त

AAJ ! Page no-11 ! Dated:03-03-2026